एक नजर में

कला क्षेत्र से इंदौर में बुरहानुपर की बिटिया श्रेया शर्मा को किया सम्मानित

बुरहानपुर। श्री गोकुल चंद्रमाजी की कृपा से पूज्य श्री 108 श्री मिलन बाबा श्री के आशीर्वाद से भागवत भूषण श्री हरिकृष्णा भाई मुखिया जी की प्रेरणा से बुरहानपुर की बिटिया श्रेया शर्मा को कला के क्षेत्र में इंदौर में 5 अगस्त को सम्मानित किया गया है यह पुरस्कार संस्था आदित्य के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम एक शाम राष्ट्र के नाम पत्रकार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में बुरहानपुर की प्रसिद्ध कलाकार श्रेया शर्मा पिछवाई आर्टिस्ट का सम्मान करते प्रो.यामसुंदर पलोड़ पत्रकार महावीर जैन व आदित्य की आवाज के विशेष प्रतिनिधि सचिन नीमा,पत्रकार ओमप्रकाश फरक्या , विनोद श्रीवास्तव व अन्य अतिथि मौजूद थे। बुरहानपुर पहुंचने पर सभी वैष्णव ने श्रेया का स्वागत किया जिसमें मंदिर अध्यक्ष हेमेन्द्र भाई गोविंदजीवाला , गिरीश लाड़ ,ललित लाड , ,दिनेश पटेल , धर्मेश पाटीदार , मुकेश पाटीदार , माधव बिहारी अग्रवाल,रामधारी मित्तल ,संतोष श्रॉफ , प्रफुल श्रॉफ , विनय मेहता , नरेश लाड़ , ठाकुर चंदा भईया एवं समस्त महिला मंडल ने उसका स्वागत किया ।

घर -घर तिरंगा हर घर तिरंगा

बुरहानपुर। हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत आज लोकमाता अहिल्या देवी मंडल की बैठक संपन्न हुई । जिसमें जिला टोली से पधारे जिला उपाध्यक्ष विपुल कानूगो ने बताया इस अभियान का उद्देश्य देश के नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को और मजबूत करना है और भारतीय तिरंगे के प्रति सम्मान बढ़ाना है ने हर घर तिरंगा अभियान,महापुरुषों की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान, तिरंगा रैली, झंडा वंदन, विभिन्न विषय पर चर्चा की एवं रूपरेखा तैयार की साथ में मंडल अध्यक्ष अमोल भगत ने बताया यह अभियान केवल झंडा फहराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। हमारा तिरंगा, जिसमें केसरिया, सफेद और हरे रंग के साथ अशोक चक्र है, हमारे देश की विविधता, शांति और समृद्धि का प्रतीक है। हम सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह करते हैं। आइए हम सब मिलकर इस ऐतिहासिक अवसर को मनाएं सभी लोगों ने इस तिरंगे अभियान से जुड़ना चाहिए और अपने प्रतिष्ठान,घर, दुकान पर तिरंगा झंडा लगाना चाहिए। बैठक में उपस्थित पार्षद भरत मराठे,विजय वारूडे,शेख बाबा,देवा नन्नौरे,अंकित व्यास,मनोज देवकर, विजय राठौर,अज्जू भाई,जाहिद मीर, आतेश्याम खान,शेख शोहेब, कमलेश दलाल,आकाश वाघमारे,सलमान खान,बाबा भाईएसभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नेपा लिमिटेड चिकित्सालय में डेंटल और ओरल हेल्थ कैंप , 50 मरीजों की जांच

नेपानगर। भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के चिकित्सालय में गुरुवार को सीएमडी कमोडोर अरविंद वढेरा विशिष्ट सेवा मेडल के मार्गदर्शन में दंत और मुख चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च सेंटर बुरहानपुर द्वारा यहां एकदिवसीय डेंटल और ओरल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। नेपा लिमिटेड में कार्यरत कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए लगाएं गए इस शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने अपनी जांच करवाई। दंत चिकित्सा महाविद्यालय और अनुसंधान केंद्र की टीम की अगुवाई डॉ सुषांत द्वारा की गई। उनके साथ डॉक्टर हसन मोमिन, डॉ इशान रंगरेज, डॉ तनीम अंसारी, डॉ मदीहा कशफ डॉ आशना मोमिनए डॉ जीनत रंगरेज, डॉ नमिता खालोकर और डॉ कोमल चिमकर ने सेवाएं दीं। कैंप के दौरान दंत रोगों की पहचानए ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग, दंत स्वच्छता परामर्श, आवश्यक प्राथमिक उपचार निरूशुल्क प्रदान किया गया। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार झंझड़ीवाल ने बताया कि नियमित रूप से इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर संस्थान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सतत वृद्धि के लिए प्रयासरत है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि नेपा लिमिटेड द्वारा भविष्य में भी विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में विशेषज्ञों की सहायता से जागरूकता व उपचार शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिससे कर्मचारियों व उनके परिजनों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें। इस दौरान नेपा लिमिटेड चिकित्सालय से डॉ मसूद मशरूवालाए डॉक्टर राजश्री मोरे, वेदांत वाघमारे, हरिसन भंडारे, रेमो फ्रांसिसए क्रिस्टिना भंडारे, जगदीश चौहान, मोहिंदर यादव, कैलाश वर्माए रिजवान शाह व प्रमोद पाटिल की सक्रिय सहभागिता रही।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में हुई कार्यशाला

नेपानगर। गुरूवार को नगर में स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत श्राष्ट्रीय ध्वज.तिरंगाश् विषय पर यह कार्यषाला आयोजित हुई। इस दौरान उन्होंने कहा. राष्ट्रीय ध्वज हमारे देष की महानतम अमानत है। देष की सहिष्णुता और विष्व बंधुत्व की भावना हमारी आत्मा में रची बसी होना चाहिए। देश की शान तिरंगा किसी भी मूल्य पर कम न हों,हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य है। हर.घर तिरंगा हमारा मान है। तिरंगा संहिता का हमें अक्षर पालन करना है। एनसीसी अधिकारी डॉ संजीव कुमार सपकाले ने कैडेट्स से कहा कि वह छोटे छोटे समुहो में घर घर जाकर इस अभियान का प्रचार प्रसार करें। इस कार्यषाला में करुणा उमालें द्वारा भी तिरंगे की शान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यषाला के पश्चात समस्त स्टॉफ ,एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफसफाई की गई।

बसाड़ स्थित वॉटर ट्रीटमेंट पॉवर प्लांट पर मेयर इन कौंसिल की बैठक का आयोजन

अटलजी के जन्म दिवस को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाएंगे ,लगाई जाएगी उनकी प्रतिमा

निगम परिषद को 3 वर्ष पूर्ण होने पर महापौर द्वारा मेयर इन कौंसिल की बैठक आयोजित ।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर शहर के बसाड़ स्थित वॉटर ट्रीटमेंट पॉवर प्लांट पर मेयर इन कौंसिल की बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम अखिल भारतीय राष्ट्रीय महापौर परिषद अध्यक्ष,बुरहानपुर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पुर्व महापौर अतुल पटेल निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव तथा एम. आई.सी. चैयरमैनों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल पूर्व महापौर अतुल पटेल निगम कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव ,एम आई सी चैयरमैन अध्यक्ष तथा पार्षदो द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। एम आई सी की बैठक में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और विभिन्न निर्णय महापौर द्वारा शहर हित मे लिए गए नगर निगम महापौर श्रीमती माधूरी अतुल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेयर इन कौसिंल की गत बैठक दिनांक में सम्पन्न कार्यवाही एवं लिये गये निर्णय अनुसार विभाग प्रमुखों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया गया ।

मेयर इन कौंसिल की बैठक में बताया गया कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री कवि श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस पर जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा,उनकी याद में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा शहर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा लगाने के सुझाव को भी एम आई सी चैयरमैन महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने सहमति दी।

शासन के निर्देश अनुसार नगर निगम के महापौर / अध्यक्ष / आयुक्त सभी अधिकारी कर्मचारियों द्वारा हर घर तिरंगा घर.घर तिरंगा यात्रा को लेकर जोर शोर से तैयारीयां की जा रही है । व वाहनों पर भी तिरंगा लगा कर रैली निकाली जाएगी।

मुख्यमंत्री शहरी अंधोंसंरचना विकास योजना अंतर्गत बीटी रोड का भी 50 -50 लाख का टेंडर हो चुका जल्द ही सीमेंट क्रांकिट रोड का निर्माण किया जाएगा , रेणुका झील का उन्नयन का कार्य भी पूर्ण हो रहा हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बुरहानपुर नगर निगम द्वारा 3 स्टार रैंकिंग तथा वाटर प्लस में भी स्थान प्राप्त किया है।

नगर निगम महापौर श्रीमती माधूरी अतुल पटेल ने कहा कि आने वाले वर्षों में स्वच्छता सर्वेक्षण में हमें बहुत कुछ कार्य करना है और टॉप 10 में जगह बनानी है । नगर निगम द्वारा हर वार्ड में डोर टू डोर कचरा वाहन कचरा संग्रहण के लिए भेजा जा रहा है। हर घर के आगे क्यू आर कोड लगाने से कचरा गाड़ी वार्ड में नियमित रूप से आरही है या नहीं क्यूआर कोड स्कैन करने से पता चलेगा । निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने निगम परिषद को 3 वर्ष पूर्ण होने पर सभी पार्षदों को भोज पर आमंत्रित किया गया था ।इस अवसर पर बैठक में नगर निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ,पुर्व महापौर अतुल पटेल ,निगम के एम आई सी चेयरमैन संभाजी सगर,धनराज महाजन,महेंद्र इंगले, नितेश रोशन दलाल,अनिल विस्पुते,जाज असरफी,निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ,सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल,कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, सहायक यंत्री अशोक पाटिल,गोपाल महाजन,सचिव शाखा प्रभारी वीरेन्द्र रवाये, योजना प्रभारी संजय शाह ,जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे, बसंत पाटिल, गणेश पाटिल ,श्याम श्रीवास्तव, निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शाहपुर में स्वतंत्रता पर्व पर राखी प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। हर घर तिरंगा – हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर परिषद अध्यक्ष के मार्गदर्शन मे नगर परिषद शाहपुर में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा एक अनूठी राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राष्ट्रभक्ति,पर्यावरण चेतना और बहन.भाई के रिश्ते की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती साधना वीरेंद्र तिवारी ने की और मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने रचनात्मकता के साथ ऐसी राखियाँ तैयार कीं जो न सिर्फ तिरंगे के रंगों से सजी थीं,बल्कि उनमें स्वच्छता और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी निहित था।

अध्यक्ष साधना तिवारी ने कहा यह प्रतियोगिता नारी शक्ति की रचनात्मकता का प्रतीक है। राखी के माध्यम से महिलाओं ने देशप्रेम और स्वच्छता का संदेश जिस सुंदरता से प्रस्तुत किया‌ए वह प्रशंसनीय है। नगर परिषद हमेशा ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करती रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति का ऐसा अनूठा समागम बहुत प्रेरणादायक है। यह पहल आने वाली पीढ़ियों को संस्कारों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राखियाँ पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी सराहनीय रहीं । कई राखियाँ पुन: उपयोग होने वाली वस्तुओं से तैयार की गईए जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी स्पष्ट हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य था हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी से जोड़ना और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जनजागृति फैलाना हैं! यह अभियान 2 से 15 अगस्त 2025 जारी रहेगा इसमें नगर परिषद द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इन राखियो को माधुरी संतोष महाजन, आराधना जीतेन्द्र चौधरी, सरला विजय बारी, दीपाली दीपक बारी, रश्मि अनिल वाडे,योगिता गोकुल भांडे,आरती कृष्णकुमार महाजन, सुषमा अशोक महाजन,नूतन गोकुल महाजन,ज्योति नितिन बावीस्कर, लक्ष्मी गणेश चौधरी द्वारा बनायीं गयी। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष रजनी गोपाल चौधरी, जन प्रतिनिधि, प्रभारी भारती महाजन, हर्षल जैन, वैभव चौधरी अधिक / कर्म.,स्व सहायता समूह महिलाओं ने भाग लिया।

सेवासदन महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान संगोष्ठी

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार सेवासदन महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान में जनजागृति हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एम.शकील ने कहा कि आने वाले स्वतंत्रता दिवस में सभी विद्यार्थियों के साथ में तिरंगे का सम्मान व देशभक्ति को जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम डॉ.अनीष पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजेश काले व एनसीसी अधिकारी केप्टन सुशील माहेश्वरी नेतृत्व में संपन्न किया गया। उक्त कार्यक्रम के आयोजन पर सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर,सचिव हसमुखलाल जरीवाला,मैनेजर मनीष पटेल ने सराहना की और शासन द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी कार्यक्रम हेतु बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर बडी संख्या में छात्रध्छात्राएं उपस्थित रही।

अवैध मदिरा संग्रहण के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। कलेक्टर बुरहानपुर श्री हर्ष सिंह के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी पार्थसारथी शर्मा के मार्गदर्शन तथा प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय कुचेरिया के नेतृत्व में आबकारी दल के द्वारा दिनांक 07/08/2025 को वृत प्रिवेंटिव के द्वारा खकनार ब्लॉक के ग्राम दादापाडी,नीमपड़ाव, चिड़िया पानी, बोरगांव , राजौरा के जंगलों में नाले किनारे दविश की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में अलग-अलग स्थानो से 960 किलो महुआ लाहन एवं 45 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा जप्त की गई।

मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 ,1 तहत 08 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिए गए ,जप्त शुदा मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 105000/-रूपये हैं। अभियान के अंतर्गत की गई ।

कार्यवाही में प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय कुचेरिया एवम उपनिरीक्षक मनोज दिनकर ,मुख्य आरक्षक बसंत जटाले ,सलोनी गौड सम्मिलित रहे। जप्त महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट किया गया। उल्लेखनिय है कि इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने निकाला फ़्लैग मार्च

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। आपत्तिजनक पोस्ट करने, फॉरवर्ड लाइक करने वाले तत्वों पर की जाएगी सख्त कार्यवाही। जिले भर में लगाए गए, पुलिस के फ्लिक्स पिकेट्स। सभी थाना क्षेत्रों पुलिस की मोबाइल एवं बाइक पार्टियां कर रही सतत पेट्रोलिंग। पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर से प्रारंभ होकर शहर के संवेदनशील इलाकों,मुख्य चौराहा से होते थाना क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग.मार्च। इस फ़्लैग.मार्च का उद्देश्य न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना था, बल्कि जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी बढ़ाना था। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के नेतृत्व में दिनांक 07/08/25 को पुलिस फ़ोर्स द्वारा शहर के थाना क्षेत्रों से होते हुए निकाला गया फ्लैग.मार्च । जय स्तंभ चौराहे से प्रारंभ होकर मंडी चौक,सुभाष चौक,गांधी चौक,कमल चौक, शिवकुमार प्रतिमा से वापस जय स्तंभ चौराहे पर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल ,रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित थाना प्रभारी कोतवाली, शिकारपुरा गणपति नाका लालबाग यातायात, सूबेदार नागेंद्र सिंह ठाकुर एवं शहर के थानो का पुलिस बल,सम्मिलित रहा । पुलिस कि जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक या भड़काऊ जानकारी साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

फरार स्थाई वारंटी को पकड़ने में मिली सफलता

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर अधिक से अधिक स्थाई वारंट तामील करने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर स्थाई वारंट तामील किए जा रहे है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस को वर्ष 2018 के प्रकरण क्रमांक 296/2018 धारा 138 छप्। एक्ट के प्रकरण मे वर्ष 2018 से फरार चल रहे स्थाई फरारी वारंटी को गिरफ्तार करने में कोतवाली पुलिस टीम को सफलता मिली है।

नाम आरोपी:- सैयद वसीमुद्दीन पिता सैयद नासीरुद्दीन उम्र 26 साल निवासी पत्थर कुआं टीके वाली मस्जिद के पास थाना कोतवाली को वर्ष 2018 के प्रकरण क्रमांक 296/25 धारा 138 छप्। एक्ट में गिरफ्तार कर किया गया है। थाना प्रभारी कोतवाली सीताराम सोलंकी,प्रधान आरक्षक शादाब अली, प्रधान आरक्षक मातादीन कुशवाह का वारंट तामिली में सराहनीय योगदान रहा।

श्री वृहद गुजराती समाज द्वारा मोहन संगम पर वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। ऐतिहासिक मोहन संगम परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया इस दौरान श्री वृहद गुजराती समाज के अध्यक्ष पूर्व निगम अध्यक्ष मनोज तारवाला द्वारा बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया गया बुरहानपुर जिले में अच्छी वर्षा बुरहानपुर के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई साथ ही पटेल रतीलाल बोरी वाला स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ मिलकर समाज जनों ने ऐतिहासिक मोहन संगम परिसर में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

श्री वृहद समाज के अध्यक्ष पूर्व निगम अध्यक्ष मनोज तारवाला ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें पेड़ लगाकर नहीं है उनकी सेवा करना है जब आप अपने परिवारों के साथ यहां आए तो यह जरूर देखें की आपने जो पेड़ लगाया था उसकी स्थिति क्या है । श्री तारवाले ने कहा कि हमने बुरहानपुर जिले में अच्छी बारिश हो इसके लिए बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया और हमारे ऐतिहासिक मोहन संगम परिसर में वृक्षारोपण कर प्रकृति को सौंदर्य रूप देने का संकल्प लिया परिसर में 25 छायादार वृक्षों का रोपण किया गया ।

इस कार्यक्रम में श्री वृहद गुजराती समाज के अध्यक्ष एवं पूर्ण निगम अध्यक्ष मनोज तारवाला, सीए उपाध्यक्ष राकेश भाई पटेल, हरीश टोपीवाला,हेमेंद्र गोविंदजीवाला, सचिव प्रशांत श्रॉफ ,सहसचिव दिनेश तरकश ,कोषाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक आनंद पाटीदार,सुनील शाह,अनिल शाह,संतोष श्रॉफ के साथ समाज के सभी वरिष्ठ जन ,महिलाए एवं पुरूष भारी संख्या में मौजूद थे समस्त जानकारी बृहद गुजराती के वरिष्ठ मीडिया प्रभारी धन्नालाल दलाल ने दी।

उद्योगपतियों से चर्चा — **उद्योगपतियों ने कहां -लगाएंगे उद्योग , कृषि से जुड़े बड़े उद्योगो के लिए है मजबूत बुनियादी ढांचा**

बुरहानपुर में विकास की अपार संभावनाएं केला, टैक्सटाइल सहित अन्य नये उद्योग होंगे स्थापित : सांसद

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश के बड़े शहरों में कई नए उद्योग लग रहे है। लेकिन प्रदेश में ऐसे कई जिले हैं जहां पर उद्योगों की अपार संभावनाएं। मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा की बात करें तो यहां पर टेक्सटाइल, केला, गन्ना, सोयाबीन, हल्दी,मक्का,मिर्च, टमाटर, प्याज से जुड़े बड़े उद्योगों को स्थापित किया जा सकता है। उद्योग स्थापित होते हैं तो किसानों के लिए बड़ी सौगात होगी वही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

यह बात खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में प्रदेश के उद्योगपतियों के साथ आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में पुरजोर तरीके से रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र औद्योगिक क्रांति के नए आयाम स्थापित कर रहा हैं। यहां निरंतर निवेश बढ़ रहा हैं । प्रदेश में वर्ष 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाया जा रहा हैं। मेरा उद्योगपतियों से आग्रह है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में नए उद्योगों को स्थापित करने की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाएं।

बुरहानपुर प्रदेश में सबसे बड़ा केला उत्पादक :- सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने बताया कि बुरहानपुर जिला प्रदेश में केले का सबसे बड़ा उत्पादक है। यहां का केला विदेश में भी

एक्सपोर्ट होता है। यहाँ केले की खेती और प्रसंस्करण दोनों उद्योग विकसित हो रहे हैं। केले के प्रसंस्करण में केले के चिप्स, केले का पाउडर और केले की प्यूरी जैसे उत्पाद बनाए जाते हैं। इसके अलावा,केले के रेशों से बने उत्पादों का निर्माण भी किया जा रहा है जैसे कि हस्तशिल्प उत्पाद और कपड़े। जिले में मुख्य रूप से केले और कपास की खेती होती है। इसके अलावा, सोयाबीन, ज्वार,मक्का,गेहूं और गन्ना भी उगाया जाता है।

बुरहानपुर में कपड़ा उद्योग के लिए एक मजबूत आधार मौजूद:- बुरहानपुर में कपड़ा उद्योग टेक्सटाइल इंडस्ट्री की अपार संभावनाएं हैं। यह शहर मध्य प्रदेश में पावरलूम उद्योग का एक प्रमुख केंद्र है और रेडीमेड कपड़ों के उत्पादन में भी अपनी पहचान बना रहा है। बुरहानपुर में कपड़ा उद्योग के लिए एक मजबूत आधार मौजूद है और सरकारी प्रयासों,निवेश,और विदेशी भागीदारी से इस उद्योग को और भी विकसित किया जा सकता है।

मिर्च, प्याज,टमाटर से जुड़े बड़े उद्योग करे स्थापित:- सांसद ने बताया कि मेरे संसदीय क्षेत्र का बड़वाह खरगोन जिले में स्थित है और यहाँ मिर्च का अच्छा उत्पादन होता है। बड़वाह तहसील,सनावद और बेड़िया मिर्च मंडी के आसपास के क्षेत्रों में मिर्च की खेती पर्याप्त मात्रा में होती है। खरगोन जिला मध्य प्रदेश में मिर्च का सबसे बड़ा उत्पादक है और बड़वाह इस जिले का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां एशिया की सबसे बड़ी मिर्च मंडियों में से एक मिर्च मंडी बेड़िया में स्थित है। वही खंडवा जिले में टमाटर और प्याज दोनों का उत्पादन होता है। यहां भी इससे जुड़े बड़े उद्योग लगाए जा सकते हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में आप नए उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित है : - सांसद पाटील ने उद्योगपतियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि वे आगे आएं और क्षेत्र के समग्र विकास में सहभागी बनें। मेरे संसदीय क्षेत्र खंडवा में नए उद्योग स्थापित करने की दिशा में आगे आये हम हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।